(ख) जनवरी, से सितम्बर, 1972 तक राज्य वार जारी किए गये लाइसेंसों और आशय-पत्रों की संख्या तथा बड़े औद्योगिक गृहों को दिये गये लाइसेंसों/आशय पत्रों की संख्या दिखाने वाला विवरण सभा पटल पर रखा गया जाता है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT-3688/723]

(ग) सभी अनिर्णीत आवेदन-पत्रों को अविलम्ब निपटाने के लिये सभी सम्भव उपाय बर्ते जा रहे हैं।

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की संख्या

574. **श्री सरजू पांडे :** क्या गृह मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर के महीने में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आरम्भ किये गये सत्याग्रह के दौरान राज्यवार कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये; और

(ख) आन्दोलनकारियों की मुख्य मांगें क्या थीं और सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या निर्णय किया है ?

गृह मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त सूचना पर आधारित एक विवरण संलग्न है।

(ख) सत्याग्रहियों की मुख्य मांगों में मूल्य वृद्धि को रोकने के उपाय, सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए राहत, आमूल-भूमि-सुधार, बेरोजगारी के खिलाफ उपाय इत्यादि मांगें सम्मिलित थीं।

इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई समय-समय पर सदन में सम्बन्धित मन्त्रियों द्वारा बताई जाती रही है।

विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या
महाराष्ट्र	3256
मैसूर	204
नागालैण्ड	—
त्रिपुरा	—
राजस्थान	1149
अन्दमान तथा निकोबार द्वीपसमूह	—
चण्डीगढ़	210
दिल्ली	561
लक्कादीव, मिनिकाय व अमिनदीवी द्वीप समूह	—
पाण्डिचेरी	—
मिजोरम	—
अरुणाचल प्रदेश	—

टिप्पणी : शेष राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से सूचना अभी आनी है।

योजना मंत्री का रूस का दौरा

575. **श्री सरजू पांडे :**
श्री रघुनन्दन लाल भाटिया :

क्या योजना मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके नेतृत्व में एक दल ने सितम्बर, 1972 में रूस का दौरा किया था;

(ख) यदि हां, तो क्या पांचवीं पंचवर्षीय योजना के सम्बन्ध में सोवियत रूस के साथ कोई समझौता हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो समझौते की मुख्य बातें क्या हैं ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहन धारिया) :

(क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।